उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY

(Established under Act 23, 2005)
Vishwavidhyalaya Marg, Near Transport Nagar, Haldwani (Nainital)UTTARAKHAND- 263139
Phone No. :05946-286000
Website: www.uou.ac.in, e-mail: info@uou.ac.in, career@uou.ac.in

Employment Notice No. : UOU/Add/R3/006/2020-21, Dated : 12 March, 2021

चयन हेतु विज्ञापन

विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक के रिक्त 01 पद पर चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन–पत्र (समस्त संलग्नकों सहित) पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित किये जायेंगे। आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में प्राप्त होने की **अन्तिम तिथि 13.04.2021 सायं 05:00 बजे** तक नियत है।

उपयुक्त अभ्यर्थी का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। साक्षात्कार की सूचना यथा समय पृथक से विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.uou.ac.in**, दैनिक समाचार–पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति तथा अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में दिये गये मोबाइल नम्बर पर SMS के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी। अभ्यर्थी अपने प्रवेश–पत्र विश्वविद्यालय वेबसाइट से ही डाउनलोड कर सकेंगे। डाक के माध्यम से प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किये जायेंगे।

अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने से पूर्व विज्ञप्ति की सभी शर्तो एवं निर्देशों को भली–भॉति अवश्य पढ़ लें।

1. **पदनाम– परीक्षा नियंत्रक** **कुल पद– 01 (अनारक्षित)**

2. **कार्य अवधिः–** परीक्षा नियंत्रक का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा जिसे कार्य परिषद के अनुमोदन से अग्रेत्तर 3 वर्षों के लिए विस्तारित किया जा सकता है।

3. **वेतनमानः–** वेतनमान– 1,44,200–2,18,200 (लेवल 14)
(महँगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते राज्य सरकार द्वारा समय–समय प्रभावी नियमों के अनुसार देय होंगे)।

4. **आवेदन–शुल्कः–** रू0 1200/–

आवेदन शुल्क का भुगतान बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ही स्वीकार्य होगा, जो (UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY) के नाम तथा हल्द्वानी में देय होगा। बैंक ड्राफ्ट को आवेदन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

5. **अर्हताः–**

अनिवार्यः–

(1) Regular service in the post of Professor in UGC pay scale.

or

(2) Regular service with five years in the post of Associate Professor with UGC pay scale.

अधिमानीः–

(1) Ph.D. in any subject from a recognized institution.
2- Working knowledge of computer, examination and results automation.
3- Adequate experience in the pre-conduct and post-conduct of University examinations or other comparable examinations.

Age limit: Preferable below 57 years.

उपरोक्त निर्देशों के साथ–साथ आवेदन–पत्र भरने से पूर्व निम्न महत्वपूर्ण निर्देशों व शर्तों को पढ़ें:–

(1) आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरना एक महत्वपूर्ण कार्य है। अभ्यर्थी, पद के लिए निर्धारित शैक्षिक अर्हता आदि को सावधानीपूर्वक पढ़कर ही आवेदन पत्र भरें, क्योंकि फार्म में बिना प्रमाण–पत्रों/संलग्नकों के सन्निरीक्षा की जानी संभव नहीं है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर अन्तिम चयन के बाद भी अभ्यर्थन निरस्त हो सकता है।

(2) अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वह आवेदन–पत्र भरने की तिथि को अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अन्य अर्हताएं अवश्य धारित करते हों तथा समस्त प्रमाण–पत्र स्वहस्ताक्षरित होने चाहिये।

(3) अभ्यर्थी विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें और तभी आवेदन करें जब वे संतुष्ट हो कि वे विज्ञापन की शर्तों के अनुसार अर्ह हैं। आवेदन–पत्रों की स्क्रीनिंग में अर्हता या अन्य किसी बिन्दु पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाये जाने अथवा विश्वविद्यालय में आवेदन–पत्र विलम्ब से प्राप्त होने की दशा में अभ्यर्थन निरस्त/अस्वीकृत कर दिया जायेगा। अस्वीकृत/निरस्त किये जाने वाले आवेदन–पत्रों के मामलों में विश्वविद्यालय द्वारा कोई शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

(4) साक्षात्कार हेतु प्रवेश–पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जायेंगे अपितु विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.uou.ac.in** से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे। इस संबंध में अभ्यर्थियों को सूचना समाचार–पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति, विश्वविद्यालय वेबसाइट तथा अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में दिये गये मोबाइल नम्बर पर SMS के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी।

(5) अभ्यर्थी आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम, का स्पष्ट उल्लेख करना सुनिश्चित करेंगे।

(6) आवेदन पत्र (समस्त संलग्नकों सहित) पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित किये जायेंगे। विश्वविद्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त होने की **अन्तिम तिथि 13.04.2021 सायं 05:00 बजे तक** नियत है।

(7) आवेदन–पत्र कुलसचिव, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे, तीनपानी बाईपास रोड़, हल्द्वानी (नैनीताल)–263139 उत्तराखण्ड के नाम प्रेषित किये जायेंगे।

(8) अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा और न ही विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में अभ्यर्थी को जानकारी प्रदान की जायेगी। डाक विभाग द्वारा किये गये विलम्ब के लिये विश्वविद्यालय किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। अतः अभ्यर्थी अन्तिम तिथि से पूर्व ही अपने आवेदन–पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव